Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 27-05-2023 | अंक 576

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### माओवादी कमांडर छोटू खेरवार समेत 30 नक्सलियों पर प्राथमिकी दर्ज



**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार : महुआडांड़ थाना क्षेत्र के सरनाडीह गांव स्थित बूढ़ा नदी पर हो रहे पुल निर्माण कार्य में लगे वाहनों को जलाने के मामले में पुलिस ने इनामी माओवादी कमांडर छोटू खेरवार समेत 30 माओवादियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की । माओवादियों के खिलाफ पूरे क्षेत्र में छापामारी अभियान चलाया जा रहा है, इस संबंध में डीएसपी राजेश कुजूर ने बताया कि घटनास्थल पर मिले नक्सली पर्चा के आधार पर पुलिस ने माओवादी कमांडर छोटू खैरवार समेत कुल 30 नक्सलियों पर महुआडांड़ थाना में प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस द्वारा मजदूरों से पूछताछ करने पर मजदूरो ने बताया, उनके पास हथियार अत्याधुनिक थे. घटनास्थल के माओवादी दक्षिण कोयल शंख जोन के नाम से पर्चा मिला था। मामले की गहनता से छानबीन के दौरान पुलिस को पता चला, इस घटना को अंजाम देने में इनामी माओवादी कमांडर छोटू खेरवार के दस्ता की मुख्य भूमिका है, उन्होंने कहा, पुलिस ने अभियान सुरू कर दिया है।ज्ञात हो कि गुरुवार की देर रात माओवादी छोटू खेरवार के नेतृत्व में माओवादियों ने बूढ़ा नदी पुल निर्माण कार्य में लगे एक पोकलेन समेत चार ट्रैक्टरों को कुल पांच वाहन को जला दिया था। वहीँ कई मजदूरों के साथ मारपीट भी किया गया था।

### हुमाना पीपल टू पीपल इंडिया ने मनाया 25 वां वर्षगांठ



**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार : हुमाना पीपल टू पीपल इंडिया के सभी तेजस्विनी कर्मी ने मासिक समीक्षा बैठक कर अपना 25 वां वर्षगांठ मनाया ।बैठक जिला अंतर्गत गारू प्रखंड के मारोमार अशोक हाल में हुमाना पीपल टू पीपल इंडिया और महिला बाल विकास सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा संचालित तेजस्विनी परियोजना के सभी कर्मी के साथ डीपीएम मिथलेश कुमार शर्मा के अध्यक्षता में मासिक समीक्षा बैठक किया गया और हुमाना का 25 वर्षगाठ मनाया गया ।इस अवसर पर प्रखंड समन्यवक उपेंद्र कुमार शर्मा,रविंद्र कुमार, प्रेम शंकर सिंह और विद्याभूषण ने संयुक्त रूप से केक कटकर हूमना के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा किया । मौके पर प्रखंड समन्वयक निरंजन कुमार गुप्ता ,ज्याउल्लहक अंसारी, आलोक कुमार क्षेत्र समन्वयक युगेश्वर प्रजापति, संतोष कुमार ,ईश्वर कुमार लक्ष्मण कुमार यादव , वीना देवी ,जया कुमारी, समेत सभी ब्लॉक के क्लस्टर समन्वयक उपस्थित थे।

# नाबार्ड के महाप्रबंधक ने लिया हजारीबाग जिले में नाबार्ड के द्वारा विकास कार्यों का जायजा

## भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान गौरियाकरमा के विशेषज्ञों के साथ परस्पर सहयोग के संभावित परियोजनाओं पर विचार विमर्श किया







गौरियाकर्मा आईसीएआर में वाज्ञानिको के साथ बैठक करते महाप्रबंधक नाबार्ड

**अपेम लाइवः बरही**

नाबार्ड के राज्य प्रभारी (महाप्रबंधक) एस के जहागिरदार ने अपने एक दिवसीय कार्यक्रम में हजारीबाग जिले में नाबार्ड के द्वारा विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होने नाबार्ड द्वारा प्रथम चरण में स्थापित एफ़पीओ बरही किसान उत्पादक कं. लि. के सदस्यों के साथ उनकी आगे की रणनीति पर परिचर्चा की और मार्गदर्शन दिया। इस एफ़पीओ द्वारा तिलैया डैम के पास स्थापित आरएएस और केज मत्स्य उत्पादन इकाई का निरीक्षण करते हुए उसके वित्तीय प्रबंधन पर कई सुझाव दिये। उन्हे उनके इस वर्ष के मत्स्य उत्पादन के प्रदर्शन के आधार पर माल परिवहन के लिए अनुदान पर वाहन (पिक–अप वैन) उपलब्ध करने का आश्वासन भी दिया। उन्होने अपने एकदिवसीय कार्यक्रम में बरही प्रखण्ड के गौरियाकरमा स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों की टीम के साथ विस्तृत विमर्श करते हुए श्री अन्न (मिल्लेट) प्रोत्साहन, वैल्यू छें के विकास, झारखंड राज्य विशेषकर हजारीबाग जिले में धान की कम उत्पादकता की स्थिति के लिए वैज्ञानिक पद्धति के प्रसार सहित कई सामयिक महत्व के विषयों को रेखांकित किया और उनसे इन विषयों पर संदर्भित परियोजना प्रस्ताव देने का सुझाव दिया । जिससे प्रदेश और विशेषकर हजारीबाग जिले के आम किसानों की उत्पादकता और आमदनी में सकारात्मक सुधार लाया जा सके। इसके पश्चात उन्होने झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबन्धक और अन्य अधिकारियों के साथ भारत सरकार की केंद्र प्रायोजित एफ़पीओ प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत ईचाक प्रखण्ड के ईचक ग्रीन एग्रो प्रोड्यूसर कं. लि. के इनपुट शॉप का उद्घाटन भी किया और आशा व्यक्त की इससे आने वाले वर्षों में प्रखण्ड के किसान अपनी बचत में और भी सुधार ला सकेंगे। उन्होने इस एफ़पीओ को और अधिक सक्रिय डाइरेक्टर और अधिकाधिक शेयरधारक जोड़ने का आवाहन करते हुए उन्हे आ. ईसीएआर, आईएआरआई, बीएयू और कृषि व उद्यान विभागों की योजनाओं के लिए परियोजना लागू करने का निर्देश दिया। इसके पश्चात उन्होने ईचाक प्रखण्ड के मंगुरा पंचायत भवन में काष्ठ–कला (ववक–ब्तंजि) पर उद्यमिता विकास परियोजना (एलईडीपी) का शुभारम्भ किया। स्वदेश संस्था की अगवानी में शुरू किए जा रहे इस परियोजना के अंतर्गत इचाक, सदर और पदमा प्रखंडों में 30–30 महिलाओं के प्रशिक्षित क्लस्टर तैयार किए जाएंगे जो कम से कम 10–10 उत्पादों जैसे खिलौने, घरेलू उपयोग के समान, शिक्षण सामग्री, कलात्मक आकृतियाँ और सामग्री इत्यादि में लगातार उत्पादन करेंगे। इस कार्यक्रम में शामिल ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबन्धक ने अपने अधिकारियों के साथ भाग लिया और इस कार्यक्रम के उद्देश्य की सराहना करते हुए बैंक के द्वारा जेएलजी और एसएचजी मोड व पीएमईजीपी और मुद्रा जैसी योजनाओं के अंतर्गत प्रशिक्षुओं को लाभ देने और आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया। अपने दौरे के अंतिम चरण में नाबार्ड महाप्रबंधक श्री जहागिरदार ने जिले के बड़कागाँव प्रखण्ड स्थित इसको ग्राम के महत्वपूर्ण पुरातात्विक स्थल गुफा अभिलेखों व शिला–चित्रों का अवलोकन किया। माना जात है जिले से जीआई (भौगोलिक संकेत) के रूप में निबंधित कला ”सोहराई–खोवर चित्रकारी“ इन शिला चित्रों से प्रेरित है। इसी महत्व को रेखांकित करते हुए नाबार्ड ने इस गाँव और इन कलाओं में अन्य सक्रिय दो गाँवों ”हरली और जोरकाठ“ में इस चित्रकारी कला पर एलईडीपी परियोजना का क्रियान्वयन किया है। इस परियोजना के प्रशिक्षण सत्र के समापन कार्यक्रम में भाग लेते हुए नाबार्ड महाप्र. बंधक ने अपने कैरियर के अनुभवों को साझा करते हुए प्रशिक्षु महिलाओं को उच्च कोटि के उत्पादों पर ध्यान देने का आवाहन किया और उनके बीच प्रशिक्षण प्रमाण पत्रों का भी वितरण किया।




APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूज़पेपर

## मौगड़हा : जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट में आधा दर्जन से अधिक घायल, थाना में दिया आवेदन





**अपेम लाइव : बरही**

बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत मौगड़हा में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। वहीं घायलों में शिव शंकर साव उम्र 28 वर्ष पिता सीताराम साव ने बरही थाना में आवेदन देते हुए कहा की विवादित जमीन खाता संख्या 01 प्लॉट संख्या 16 रकबा 03 एकड़ 10 डिसमिल पर न्यायलय में मामला चल रहा है। न्यायलय में मामला चलने के बाद भी बाजबरन जेसीबी लगाकर शनिवार को दिन करीब 12 बजे मेरे विपक्षीगण अनवर अली पिता स्व मोहम्मद मियां, सागीर मियां पिता स्व गफ्फार मियां एवं उनके सहयोगी मनोज मंडल, अजीत मंडल, किशोर मंडल, संतोष मंडल, रंजीत मंडल सभी के पिता महादेव मंडल, महादेव मंडल पिता हेमलाल महतो, सरफराज मियां, अफजल मियां, सुलतान मियां तीनो के पिता रहमत मियां, साफो खातून पति अनवर मियां सभी ग्राम मौगड़हा निवासी उक्त जमीन पर बुनियाद कोड़कर जमीन को कब्जा कर रहे है। जब मेरा पूरा परिवार मिलकर काम करने से मना करने गए तब उपरोक्त नामजद सभी लोग मेरे एवं मेरे परिवार के साथ मारपीट करने लगे जिसमे दुलारी देवी पति सीताराम साव, चमेली देवी पति विनोद साव, लीलावती देवी पति मोहन साव, आरती देवी पति सुनील साव, निरिया देवी पति महादेव साव, भुनेश्वरी देवी पति सुरेंद्र साव, फूलमती देवी पति मुरली साव के साथ गाली – गलौज एवं धक्का मुक्की करते हुए लाठी – डंडा से मारपीट करने लगे। जिसको लेकर पीड़ित परिवार ने बरही थाना में आवेदन देकर जांच कर नामजद सभी दोषियों पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## एनपीएस का छह दिवसीय समर कैंप का हुआ समापन

### बच्चों को बताई गई इंग्लिश रीडिंग की आधुनिक तकनीक

**अपेम लाइव : बरही**



समर कैंप के समापन पर मौजूद बच्चे

नवोदय पब्लिक स्कूल, साधनापुरी, कोनरा में आयोजित छह दिवसीय समर कैंप का समापन शनिवार को हुआ । छह दिनों तक चले समर कैंप में बच्चो को फ्री रीडिंग इंग्लिश क्लास में रीडिंग करना सिखाया गया। इस दौरान बच्चों ने इंग्लिश की अपनी डाउट क्लियर किया।शिक्षक विकास शर्मा एवं गुलफसा प्रवीण ने बच्चो को समर कैंप में पढ़ाए गए इंग्लिश रीडिंग की जांच की। जिसमे काफी बच्चों में इंग्लिश रीडिंग बेहतर पाई गई । प्राचार्य ने समापन के समय सभी बच्चो को टॉफी बांटकर समर कैंप को यादगार बनाया और सभी शिक्षकों को समर कैंप में योगदान देने की लिए धन्यवाद दिया। समर कैंप में समापन छात्र समर कुमार यादव, माही वर्णवाल, अनमोल प्रजापति, सानवी कुमारी, कृष कुमार रविदास, माहिरा परवीन, आलिया खानम, शुभम कुमार यादव, छाया कुमारी, अंजनी कुमारी, नंदनी कुमारी, सुमित कुमार, युवराज कुमार रविदास, कुणाल कुमार, अंकित कुमार, मोहम्मद रेहान खान, हैदर खान, लक्ष्मण कुमार, सचिन कुमार यादव, मोहम्मद जीशान, बादल कुमार, मोहम्मद हमदान खान, दिलशान सिद्धकी, सुमन कुमार यादव, शिवानी कुमारी यादव, चांदनी कुमारी, सुहानी कुमारी, सैफा परवीन, पंकज कुमार, ऐसा परवीन, मोहम्मद उमर, सुहानी कुमारी, आर्यन कुमार यादव, पाखी प्रिया, संस्कार राणा, चांदनी कुमारी, विशाखा कुमारी, करीना कुमारी यादव, संजू कुमारी यादव, वर्षा कुमारी, आलिया परवीन, शिवम कुमार ,आरुषी कुमारी, प्रियांशु कुमार यादव, दिव्या कुमारी यादव, नयन कुमार माली, मीरा कुमारी आदि शामिल रहे

## बरही के बेंदगी में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई भव्य कलश यात्रा

### विधायक उमाशंकर अकेला, टीएसएस अध्यक्ष अरुण साहू समेत कई नेता हुए शामिल





**अपेम लाइव : बरही**

बरही (हजारीबाग)रू प्रखंड अंतर्गत बेंदगी गांव में श्री श्री 1008 श्री राम दरबार, श्री शिव परिवार, मां लक्ष्मी विश्वकर्मा जी एवं हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में अतिथि के रूप में बरही विधायक उमाशंकर अकेला, टीएसएस केंद्रीय अध्यक्ष अरुण साहू, सांसद प्रति. निधि विधानसभा अर्जुन साहू, जिप सदस्य प्रीति गुप्ता, भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष अमित साहू, विस विधायक प्रतिनिधि छठ्ठु गोप, मुखिया सिकंदर राणा, छोटन ठाकुर, पंसस प्रतिनिधि झमन यादव, समाजसेवी रघु यादव, रा. मध्य विद्यालय के अध्यक्ष दिनेश साहू, प्रो. बद्री साहू, वार्ड सदस्य मनोज साव आदि मौजूद थे। मौके पर अतिथियों के हाथों मुख्य पुजारी व महिला श्रद्धालुओं को कलश देकर कलश यात्रा की शुरुआत की गई। जल यात्रा में 151 महिला श्रद्धालुओं ने कलश उठाया था, जिसे बडाकर नदी में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश में जल भरा गया। बता दे की जिस मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा किया जा रहा है, उसे समाजसेवी सह धर्म प्रेमी जयलाल यादव व उनकी धर्मपत्नी रघिया देवी व उनके पुत्र मुकेश कुमार यादव के द्वारा बनाया गया है। कलश यात्रा में विहिप जिला प्रचार प्रमुख मिथलेश श्रीवास्तव, विहिप जिला गौरक्षा प्रमुख इंद्रदेव प्रसाद गुप्ता, विहिप प्रखंड अध्यक्ष नंदकिशोर साहू, बजरंग दल सह संयोजक नितेश कुमार, विहिप प्रखंड मंत्री कैलाश ठाकुर, समाजसेवी कमल गिरी, विकास सिंह, रामाअवतार साहू, शिक्षक बीरेंद्र कुमार, दशरथ यादव, रविशंकर साहू, सिकेंद्र कुमार, नौरंगी कुमार आदि मौजूद थे।

## बरही : अंडर 16 फाइनल मुकाबला में बरही बीएसए ने स्पोर्टिंग यूनियन तिलैया को हराया

### बरही बीएसए ने 5 – 2 से श्रृंखला पर जमाया कब्जा

**अपेम लाइव : बरही**




बरही प्रखंड मैदान में पिछले कई दिनों से चल रहे अर्जुन प्रसाद केशरी अंडर 16 टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला शनिवार को बरही बीएसए बनाम स्पोर्टिंग यूनियन तिलैया के बीच खेला गया। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी बरही बीएसए की टीम ने 40 ओवर के मैच में 34 ओवर में 10 विकेट खोकर 190 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। वहीं बरही बीएसए की और से ऋषि कुमार एवं अनीश कुमार शानदार बल्लेबाजी किया। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्पोर्टिंग यूनियन तिलैया की टीम ने 38.4 ओवर में 10 विकेट खोकर 172 रन ही बना सकी। वहीं इस मैच में मैन अ०फ द मैच 25 रन बनाकर एवं 5 ओवर 15 रन देकर तीन विकेट लेने वाले ऋषि कुमार को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस श्रृंखला में बेस्ट बल्लेबाज अनीश कुमार, बेस्ट फील्डर ऋतिक कुमार एवं बेस्ट गेंदबाज सिद्धांत कुमार को चुना गया। मैच में निर्णायक की भूमिका सुशील गुप्ता एवं अमन कुमार एवं स्कोरर की भूमिका सचिन कुमार ने निभाया। इस खेल में शामिल बतौर मुख्य अतिथि प्रोफेसर संतोष चौरसिया ने विजेता टीम को ट्रॉफी देकर पुरुष्कृत किया। मौके पर बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी, प्रवीण राय (एचडीसीए) प्रभात कुमार ( एचडीसीए) जावेद इस्लाम, बलराम केशरी धर्मपाल केशरी, गुलाम मुस्तफा, प्रभात कुमार यादव, सुधीर पासवान, नीतीश कुमार यादव, बसंत ठाकुर एवं संतोष शर्मा सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## प्रखंड सभागार भवन में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**अपेम लाइवः बडकागॉव**




बड़कागांव प्रखंड के सभागार भवन में जीपीडीपी को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बड़कागांव प्रखंड प्रमुख फुलवा देवी एवं संचालन पंचायती राज्य समन्वयक आशीष कुमार पासवान ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से प्रखंड के मुखिया, पंचायत सचिव, वीपीआरपी फैसिलिटेटर एवं लाइन डिपार्टमेंट के सदस्यों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में ग्राम पंचायत विकास योजना के अंतर्गत वीपीआरपी, बालसभा, महिला सभा एवं केंद्र द्वारा संचालित प्रमुख योजनाओं को करने पर जोर दिया गया। सभी पंचायत को बजट के अनुसार योजना कार्यकारिणी से पारित कर ऑनलाइन प्रविष्टि के लिए निर्देशित किया गया। प्रथम दिन 12 ग्राम पंचायत के पंचायत सचिव एवं मुखिया ने भाग लिया। शेष 11 मुखियाओं का दूसरा दिन प्रशिक्षण दिया जाना है। जीपीडीपी योजना वितीय वर्ष 2023 - 24 में योजना का प्रविष्टि से सं. बंधित प्रखण्ड समन्वयक, पंचायत राज स्वशासन परिषद द्वारा विस्तृत प्रशिक्षण, नौ विषय पर विस्तृत चर्चा, संकल्प चयन से संबंधित दिशा-निर्देश, वितीय बजट 2023 - 24 एवं वाईब्रेन्ट ग्राम सभा एवं ई ग्राम स्वराज पोर्टल में चेकर एवं मेकर ल०गीन पर की जाने वाली सभी गतिविधियों के बारे विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर मुख्य रूप से प्रमुख फुलवा देवी, उप प्रमुख बचनदेव कुमार, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बीएन प्रसाद, मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार, मोहम्मद तकरीमुल्लाह खान, अनिकेत नायक, पूजा कुमारी, बिमला देवी, बासदेव यादव, इल्लियाश अंसारी, एतवरिया देवी, रंजीत चौबे, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइंया, दीपक दास, चंदन पुरी, पंचायत सचिव जयप्रकाश पांडे, बिशेवर मेहता, अशोक नारायण तिवारी, धनेश्वर प्रसाद एवं जगरनाथ सिंह यादव के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## 28 मई को विधायकों के आवास का घेराव करेगी राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा

**अपेम लाइव : लातेहार**



लातेहार : ओबीसी समुदाय को आरक्षण नहीं देने के विरोध में 28 मई को जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र के विधायकों के आवास का राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के द्वारा घेराव किया जाएगा।इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमे तय किया गया कि लातेहार विधायक बैद्धनाथ राम और मनिका विधायक रामचंद्र सिंह के आवासा का घेराव किया जायेगा।आवास घेराव से पहले शहर के कारगिल पार्क से सुबह 10 बजे जुलूस निकाली जाएगी। उसके बाद विधायक के आवास का घेराव किया जायेगा। वहीं दोपहर 1 बजे बरवाडीह के अंबेडकर चौक से ओबीसी मोर्चा के सदस्य मनिका विधायक रामचंद्र सिंह के आवास पहुंचेंगे और उन्हें मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपेंगे। बैठक में महेंद्र प्रसाद शौंडिक, महेश प्रसाद, विष्णु प्रसाद, हीरा प्रसाद यादव व आशीष कुमार गुप्ता समेत कई लोग मौजूद रहे।

## अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में राजसात जप्त वाहनों की नीलामी संपन्न

### 13 लाख 73 हजार में हुई जेसीबी की नीलामी

### 30 मई को भी राजसात जप्त, हाइवा,लोडर, ट्रक एवं ट्रैक्टर की होगी नीलामी

**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार : उपायुक्त के निर्देश के आलोक में राजसात वाहनों की नीलामी को लेकर खनन विभाग द्वारा निकाली गई निविदा की नीलामी शनिवार को समहारणालय सभागार में अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में संपन्न की गयी। नीलामी में संवेदक देवराज कुमार अग्रवाल, बरवाडीह ने अधिकतम 13 लाख 73 हजार बोली लगाकर जेसीबी की खरीददारी की। नीलामी में उपायुक्त द्वारा गठित समिति के सदस्य समेत संवेदक मौजूद थे। संवेदक को 10 दिनों के अंदर पूरी राशि करना होगा जमा जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि नीलामी के बाद निर्धारित राशि में की गयी जेसीबी की नीलामी के राशि संवेदक को दस दिनों के अंदर दस प्रतिशत प्रतिभूति राशि के अलावे पूरी राशि जमा करना होगा। 30 मई को भी होगी रा. जसात वाहनों की होगी नीलामी इन वाहनों की होगी नीलामी (1) वाहन निबंधन संख्या-ओडी14यू-1391-हाईवा राशि अनुमानित बाजार मूल्य-20 लाख 50 हजार 10 प्रतिशत प्रतिभूति अग्रधन राशि -2 लाख 5 हजार (2) वाहन निबंधन संख्या जेएच13ई-3193-लोडर राशि अनुमा. नित बाजार मूल्य-22 लाख 10 प्रतिशत प्रतिभूति अग्रधन राशि-2 लाख 20 हजार (3) वाहन नि. बंधन संख्या-जेएच23ए-2610- ट्रैक्टर राशि अनुमानित बाजार मूल्य-2 लाख 75 हजार 10 प्रतिशत प्रतिभूति अग्रधन राशि-27 हजार 5 0 0 (4) वाहन निबंधन संख्या-जेएस13एफ-6105 -ट्रक राशि अनुमानित बाजार मूल्य-13 लाख 10 प्रतिशत प्रतिभूति अग्रधन राशि -1 लाख 13 हजार (5) वाहन नि. बंधन संख्या-जेएच02 एडब्लू- 7103-ट्रक राशि अनुमानित बाजार मूल्य-16 लाख 30 हजार 10 प्रतिशत प्रतिभूति अग्रधन राशि की राशि-1 लाख 63 हजार (6) वाहन निबंधन संख्या-जेएच19बी-2577-ट्रक राशि अनुमानित बाजार मूल्य-15 लाख 50 हजार 10 प्रतिशत प्रतिभूति अग्रधन राशि -1 लाख 55 हजार (7) वाहन निबंधन संख्या-जेएच01बीए-9784 -ट्रक राशि अनुमानित के बाजार मूल्य-8 लाख 50 हजार 10 प्रतिशत प्रतिभूति अग्रधन राशि की राशि-85 हजार

## परिवार आधारित और वैकल्पिक देखभाल दिशा में बदलाव विषय पर कार्यशाला का आयोजन

**अपेम लाइव : लातेहार**




लातेहार : जिला बाल संरक्षण इकाई एवं मिराकेल फाउंडेशन इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को शहर के होटल कार्निवाल में परिवार आधारित और वैकल्पिक देखभाल दिशा में बदलाव विषय पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन विधि शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार सिंह एवं जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी रीना कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। इससे पहले मेरा कल फाउंडेशन इंडिया के प्रतिनिधि विष्णु दत्त पांडे और अखिलेश श्रीवास्तव के द्वारा बुके भेंट अतिथियों का सम्मान किया गया। कार्यशाला में जिले में संस्थागत एवं गैर संस्थागत देखरेख में कार्य करने वाली हितधारकों को परिवार आधारित देखभाल को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया गया।केस मैनेजमेंट सिस्टम को और अधिक सुदृढ़ बनाने, आईसीपी और एसआईआर प्रतिवेदन को भरने, स्प०न्सरशिप से जरूरतमंदों बच्चों को जोड़ने पर चर्चा की गई। मौके पर चाइल्डलाइन लातेहार के समन्वयक आशुतोष कुमार, चाइल्डलाइन रेलवे बरवाडीह के शंभू एवं शिल्पा तथा रोज बाल गृह केंद्र के अधीक्षक शैलेंद्र कुमार सिंह उपस्थित थे।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## ग्रामीण कौशल्य योजना पर कार्यशाला का आयोजन

**अपेम लाइव : लातेहार**



लातेहार : जेएसएलपीएस के द्वारा पंडित दीन दयाल उपाध्याय नगर भवन लातेहार में दीन दयाल ग्रामीण कौशल्य योजना पर कार्यशाला का आयोजन किया गया स कार्यशाला का शुभारम्भ जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, जिला परिषद उपाध्यक्ष अनिता देवी एवं परियोजना निदेशक आईटीडीए विन्देश्वरी ततमा ने दीप प्रज्वलित कर किया स इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ने कहा कि दयाल ग्रामीण कौशल्य विकास योजना के माध्यम से ग्रामीण युवक युवतियों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार से जोड़ा जाता है स उन्होंने कहा इस योजना के तहत विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षण दिया जाता है साथ ही प्रशिक्षण प्रदान करने वाली संस्था के द्वारा प्रशिक्षुओं को रोजगार दिलाने के लिए भी सहयोग किया जाता है स उन्होंने लोगों से अपील किया कि अपने आसपड़ोस के व्यक्तियों को इस कौशल विकास प्रशिक्षण योजना के बारे जानकारी दें सजिला परिषद उपाध्यक्ष अनिता देवी ने कहा कि स्किल के अभाव में कई युवक युवती रोजगार नहीं प्राप्त कर पाते हैं स दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम से जुड़कर लाते. हार जिले के युवक- युवती रोजगारपरक प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं स जिसके पश्चात वे राज्य या राज्य के बाहर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं सपरियोजना निदेशक आईटीडीए विन्देश्वरी ततमा ने कहा दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना बेरोजगारी दूर करने में मददगार साबित होगा स उन्होंने युवाओं से इस योजना के तहत निशुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण का लाभ लेने की अपील किया स आगे उन्होंने कहा कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर युवक युवती किसी कंपनी में रोजगार करने के अलावा स्वरोजगार भी कर सकते हैं स उन्होंने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के बारे बताते हुये कहा इस योजना के तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग को स्वरोजगार के लिए 25 लाख रूपये तक का ऋण प्रदान किया जाता है स कार्यशाला में डीपीएम जेएसएलपी संतोष कुमार एवं प्रोग्राम एग्जीक्यूटिव अमित कुमार ने दीनदयाल उपाध्याय कौशल्य योजना के तहत विभिन्न ट्रेड में दिये जाने वाले कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे विस्तार पूर्वक जानकारी दिया स उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के उपरांत प्रशिक्षुओं को रोजगार दिलाने में सहयोग किया जाता है सकार्यशाला में जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार शेखर कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी बंधन लांग, जिला पंचायती राज पदाधिकारी दीपाली भगत, जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार एवं अन्य उपस्थित थे ।

## जागरूक युवा से ही एक विकसित समाज का निर्माण संभव : डॉ एम के जोस

**अपेम लाइव : लातेहार**



महुआडांड़/लातेहार : संत जेवियर्स महाविद्यालय, महुआडांड़ में तीन दिवसीय युवा महोत्स्वश का शुभारंभ बिशप थिओडर मैस्क्रेन्स, विधायक रामचंद्र सिंह, प्राचार्य फादर डॉ एम के जोस के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में लातेहार, गढ़वा और पलामू के विभिन्न क०लेजों के हजारों विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के शुरूआत में महाविद्यालय छात्रावास के विद्यार्थियों ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। इस अवसर पर फादर मैस्क्रेन्स ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा समाज और देश के भविष्य होते हैं। युवाओं को अपने लक्ष्य को लेकर स्पष्ट और प्रतिबद्ध होना चाहिए साथ ही समय और परिस्थिति के अनुकूल खुद को ढालने की क्षमता विकसित करनी चाहिए। मनिका ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही व्यक्ति और समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। उन्होंने अपनी भाषा, संस्कृति और अस्मिता के प्रति युवाओं को जागरूक करने की बात कही। युवा महोत्सव के कॉर्डिनेटर प्राचार्य फादर डॉ एम के जोस ने बताया की इस तरह के अयोजन को करने का मुख्य उद्देश्य युवाओं के सपनों को आधार देना, नेतृत्व और समन्वय की क्षमता विकसित करना साथ ही अपनी भाषा, संस्कृति, अस्मिता के प्रति जागरूक करते हुए वैश्विक परिदृश्य के अनुरूप उन्हें तैयार करना है।इस अवसर पर एसडीओ नीत निखिल सुरीन, धर्माध्यक्ष फेलिक्स टोप्पो, उप प्राचार्य सिस्टर कैसलिन जुलियट, डॉ समीर टोप्पो, एसबीआई महुआडांड़ शाखा के मैनेजर वेंसलस लकड़ा, डॉ राजिप तिर्की, एनएसएस के कोऑर्डिनेटर मैक्सेंशियस कुजूर, प्रो. शशि शेखर और हजारों के संख्या में युवा उपस्थित थे।

## पूर्व विधायक व प्रमुख ने किया जागरण मंच का उदघाटन

### भगवान प्रत्येक व्यक्ति के हृदय में है, वे हमें दिखाई नही देते है : मनोज यादव

**अपेम लाइव : चौपारण**



जगदीशपुर पंचायत के नावाडीह निवासी रामस्वारूप राणा के मृतक पिता स्वर्गीय प्रमेश्वर राणा के श्राद्ध कार्यक्रम में आयोजित भक्ति जागरण का पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव व प्रमुख पूर्णिमा देवी ने फीता काटकर किया। इससे पूर्व अतिथियो ने मृतक के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर मृतक आत्म की शांति का कामना किया। शोक. ाकुल परिवार को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि स्वर्गीय प्रमेश्वर राणा के साथ मेरा पारिवारिक लगाव था। श्री राणा ने अपने सामाजिक जीवन मे जरूर अच्छे कर्म किये होंगे जिसके कारण आज हम सब यहाँ एकत्रित हुए है। कहा हमे शोक से उबर कर पुनः अपने दिनचर्या में लग जाना है। पूर्व विधायक ने कहा कि भगवान प्रत्येक व्यक्ति के हृदय में है। ओ दिखाई नही देते लेकिन आपके हरेक अच्छे और बुरे कर्मो पर नजर रखते है। जीवन मे अच्छे कर्म करिए आपका जीवन सफल होगा। चौपारण प्रमुख ने भगवान से कामना किया कि मृतक प्राणी का आशीर्वाद पीड़ित परिवार पर बना रहे। शोकाकुल परिवार के सदस्य रामस्वारूप राणा, कामदेव राणा, राजेंद्र राणा, बासुदेव राणा, संजय राणा, आदि ने अतिथियो का स्वागत किया। मंच संचालन शिक्षक शशि भूषण सिंह ने किया। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधी उदय राणा, पूर्व मुखिया अनिल पांडेय, मुखिया प्रतिनिधि प्रमेश्वर साव, डॉ बीके यादव, जगदीश यादव, ढली साव, रामविलाश राम, छोटू चनद्रवंशी, मंटू राणा, महेश राणा, पप्पू राणा, राजू अशोक नंदलाल राम।





APEM LIVE


Bibek Maji (Director)
Mob : 7488175500

Kuldeep Pd. Rajak (Director)
Mob : 9934576931

SKY VIEW INTERNATIONAL SCHOOL
An English Medium co-educational School
Based on CBSE Curriculum
Hostel Facility for Boys & Girls
Preperation for Admission in Sainik School,
Navodaya & Netarhat etc.
Titirchanch, Tilaiya Dam Road, Koderma
Mob # 7070493844